# लंबित आवेदनों का नहीं हो पा रहा निराकरण

**खास बातें**

- अगस्त माह की 12168 शिकायतें पड़ी हैं पेंडिंग
- समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 सितम्बर,कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनो की समीक्षा की. उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑन लाइन के अलावा जनसुनवाई कार्यक्रम और वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त आवेदनो के निराकरणों की विभागवार पृथक-पृथक समीक्षा की है. कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनो में से अगस्त माह की शिकायतो का शत प्रतिशत समाधान नियत समयावधि में कराया जाना सुनिश्चित करें. अगस्त माह की एक भी शिकायत को फोर्सक्लोज ना किया जाए. कलेक्टर श्री गुप्ता ने संतुष्टिपूर्वक आवेदनो के समाधान कराने पर बल देते हुए निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ताओं से जिलाधिकारी भी सीधे संवाद करें और आवेदक की मूलभूत समस्या का निदान समयावधि में हो.के प्रबंध सुनिश्चित करें.**

बैठक में बताया गया कि अगस्त माह की 12168 शिकायतों का निराकरण समय सीमा में कराया जाना है ताकि मासिक ग्रेडिंग सूची जारी होने की तिथि के पूर्व विदिशा जिला व जिले के सभी विभाग टॉप फाइव की सूची में शामिल हो सके. प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभांवित होने वाले हितग्राहियों की सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिए है ताकि हितग्राहियों को सूची में अपना स्थान का पता चल सकें और किसी भी प्रकार से आवंटन में सरल क्रमांक में ओवरलेपिंग ना हो.उन्होंने जिलाधिकारियों को ग्राम पंचायत का नोडल अधिकारी नियुक्त करने के भी निर्देश दिए है ताकि ग्राम की तमाम आवश्यकताओं और हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभ की जानकारियां संकलित होकर उन्हें समय पर लाभ दिलाया जा सकें. कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि वर्ग विशेष के लिए संचालित योजनाओं का यह ध्येय होना चाहिए कि किसी भी विभाग के माध्यम से क्रियान्वित हो उसका लाभ उन्हें मिलें.लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के दौरान जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों में से संदिग्ध हितग्राहियों की जांच, पात्रता के मापदण्ड अनुसार हितग्राहियो की संख्या, किसान सम्मानिधि प्राप्त करने वाले किसानो, लाड़ली लक्ष्मी योजना के पंजीयन व्यवस्था, जिले में खुले ट्रांसफार्मर की सुरक्षा हेतु जनपद व निकायवार सूची प्राप्त कर कार्यो को अंजाम देने जिसमें सबसे पहले आबादी वाले क्षेत्रो में प्राथमिकता से कार्य कराए जाएं.बैठक के दौरान रबी उपार्जन हेतु जिले में की जा रही तैयारियों जिसमें, खासकर खाद, बीज की उपलब्धता के लिए प्लान के साथ-साथ केसीसी जारी करने इत्यादि की समीक्षा की गई है.उन्होंने बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की भी अद्यतन जानकारियां प्राप्त की और आयुष्मान कार्ड के लक्ष्यों की शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल हो इसके लिए उन्होंने सभी सेल्समैन, छात्रावासों के अधीक्षकों के अलावा ग्राम स्तर के अधिकारी, कर्मचारियों की आईडी बनाए जाने के संबंध में निर्देश दिए है.

### शिकायत में स्पष्ट जवाब करें दर्ज

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के तहत सौ दिवस की दर्ज शिकायतों पर विशेष समीक्षा की गई. उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतोंके निराकरणो में विलम्बता क्यों हो रही है का स्पष्ट जबाव शिकायत में दर्ज होना चाहिए. उन्होंने जिले में पेयजल योजना के कार्यो के संबंध में भी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणजनो को योजना से कोई मतलब नहीं.उन्हें घर में पानी मिलना चाहिए यहीं विभाग की प्रमुख ड्यूटी है.उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए है कि हेण्ड पंपो व नलजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारियां अब हरेक टीएल बैठक में प्रस्तुत करेंगे जिसमें पूर्व में संचालित योजनाओं के साथ-साथ नवीन शुभारंभ की गई योजनाओं की जानकारी पृथक-पृथक प्रस्तुत की जाए.इसी प्रकार हेण्ड पंपो के संबंध में भी कार्यवाहियां संपादित करने के निर्देश दिए गए है.

# साइबर ठग ने शिक्षक से ठगे 55 हजार

**केवाईसी के नाम पर हुई घटना**

नवभारत न्यूज

**पठारी 1 सितम्बर,प्राथमिक शाला गमिरिया सला प्रभारी के दो बैंक खातों से ठगी की है जिसमें एसबीआई बैंक खाते से साइबर ठग ने 50 हजार की ठगी कर ली. वहीं इंडियन बैंक खाते से 5000 हजार रुपए निकाल दोनों बैंक खाते से साइबर ठगने निकाले 55 हजार इन दोनों साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं.साइबर ठागों के निशाने पर इन दिनों शासकीय कर्मचारी हैं.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार वडोह निवासी शिक्षक विजय अहिरवार ने बताया कि उसके पास रविवार शाम को एसबीआई बैंक विदिशा के मैनेजर के नाम पर कॉल आया कि आपके खाते की केवाईसी करना है मैंने जो लिंक भेजी है उसे फोन पै नंबर पर खोलें जिससे आपकी खाते की केवाईसी हो जाएगी. शिक्षक ने जैसे ही लिंक खोली उसके एसबीआई खाते से 50 हजार रुपए निकल गए.वहीं शिक्षक विजय अहिरवार के इंडियन बैंक खाते से भी 5000 हजार रुपए निकाल लिए गए. समय रहते शिक्षक ने बैंक कस्टमर केयर कॉल करके अपने खाता होल्ड कर दिए जिससे उनके खाते के लाखों रुपए बच गए.

## 38 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी अभी भी फरार

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** विदिशा के अनाज व्यापारी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पा रही है, जबकि उसके पिता गिरफ्तार होकर जेल में बंद है.मुख्य आरोपी पुत्र घर पर है.परंतु विदिशा पुलिस उसे बासौदा पुलिस के सुपुर्द नहीं कर पा रही है.38 लाख की धोखाधड़ी का प्रकरण कायम होने के बाद भी गिरफ्तारी न होना चर्चा का विषय बना हुआ.

## जलविहार एवं विमान चल समारोह भजन संध्या का आयोजन 3 को

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** श्री सनातन धर्म सेवा संस्थान समिति के तत्वाधान में 3 सितंबर को प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सामूहिक जलविहार, डोल ग्यारस महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा. विमान चल समारोह राम जानकी मंदिर गांधी चौक से नगर के जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं की उपस्थिति में आरती होगी.इसके पश्चात श्री बजरंग व्यायाम शाला अखाड़े के करतब के प्रदर्शन के साथ जलविहार हेतु मानस भवन परिसर की ओर प्रस्थान करेंगे.जहां जल विहार संपन्न होगा रात्रि 8 बजे सुधांशु झा भजन पार्टी का रंगारंग कार्यक्रम भी होगा. समिति के संरक्षक कांति भाई शाह, अध्यक्ष राजेश माथुर, केशव दुबे, मनोज अग्रवाल ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है.

**एक नजर में**

## कुरवाई में जोरशोर से मना रहे दशलक्षण

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** जैन धर्म के पर्युषण पर्वराज मे उत्तम सत्य का दिन मना. उत्तम सत्य को सर्वोच्च गुण माना जाता है. यह न केवल झूठ से दूर रहने का व्रत है, बल्कि मन, वचन और कर्म से सत्य का पालन करने का संकल्प है.भगवान महावीर ने कहा था. सत्य ही धर्म का मूल है.पर्युषण के दौरान सत्य पर चिंतन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आत्मा को विकारों से मुक्त करता है. पर्युषण पर्व को दसलक्षण पर्व भी कहा जाता है, जिसमें दस उत्तम गुणों उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, अकिंचन्य और ब्रह्मचर्य पर ध्यान केंद्रित किया जाता है. पर्व के दौरान जैन भक्त उपवास, तपस्या, स्वाध्याय और प्रतिक्रमण पिछले पापों का प्रायश्चित करते हैं.नगर कुरवाई में सांगानेर से पधारे विद्वान रोहित भैया द्वारा धर्म की प्रभावना करा रहे है जिसमें समाज के सभी वर्ग बड़े उत्साह से भाग ले रहे सुबह आरम्भ होती है मंगलाचरण ,अभिषेक, शांतिधारा, दोपहर तत्वार्थ सूत्र विधान शाम महाआरती पश्चात भैयाजी द्वारा मंगल प्रवचन तत्पश्चात महिला मंडल पाठशाला परिवार एवं युवा मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जा रहे हैं.



## कन्याओं ने भजनों पर किया मनमोहक नृत्य

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** राजाजी की हवेली में रविवार को भगवान गणपति जी की झांकी में राधाष्टमी पर आरती उपरांत राधाजी के स्वरूप का चित्रण और भजनों पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें 3 से 16 वर्ष तक की कन्याओं ने भाग लिया. इस प्रतियगिता में 15 प्रतिभागियो ने भाग लिया. जिसमें प्रथम माही यादव, द्वितीय भीगी यादव, तृतीय देवांशी कुशवाहा रही. सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया. गणेश जी झांकी में प्रतिदिन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है.

# खिलाड़ियों ने जीता एक स्वर्ण, पांच कांस्य

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** ग्वालियर में 30 से 31 अगस्त तक ग्वालियर ताइक्कांडो संघ द्वारा आयोजित की गई नवी कैडेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप में जिला ताइक्कांडो संघ विदिशा की टीम में शामिल आदर्श ताइक्कांडो क्लब सिरोंज के आठ खिलाड़ियों ने सहभागिता की. तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक स्वर्ण और पांच कांस्य पदक प्राप्त किये. यह प्रतियोगिता कैडेट वर्ग की थी जो की 12 वर्ष से 14 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिए है. स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी अब राष्ट्रीय कैडेट ताइक्कांडो प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे.



प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में हिमांशी प्रजापति वजन वर्ग अंडर 51 किग्रा में फाइनल में ग्वालियर की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और राष्टीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान बनाया. कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में हर्षित बैरागी, दिव्यांश पाल, लक्ष्य धाकड़, अश्मित नगीना और अवनी दुबे शामिल है. प्रतियोगिता में कोच के रूप में सरदार सिंह कुशवाह और टीम मैनेजर निधि साहू रही. पदक विजेता खिलाड़ियों का शहर लौटने पर शहर वासियों ने उनका स्वागत किया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी.

# डोल ग्यारस पर हाट बाजार में किया परिवर्तन

नवभारत न्यूज

**पठारी, नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी डोल ग्यारस का चल समारोह धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा.**इसी के चलते डोल ग्यारस हॉट बाजार का दिन होने के कारण ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी ने ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले दुकानदार एवं नगर के दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि इस बार बुधवार 3 सितंबर को ढोल ग्यारस होने की वजह से हाट बाजार का परिवर्तन किया गया है.हाट बाजार ग्राम पंचायत भवन के क्षेत्र में अपनी अपनी दुकाने लगाने की अपील की गई है.सरपंच अखिलेश पंथी ने बताया कि बुधवार को ढोल ग्यारस पर चार विमान के साथ भगवान श्री ठाकुर जी नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे जो नगर के मुख्य मार्ग कोरी मोहल्ला, साहू मंदिर,बड़ी माता मंदिर,पोद्दार मंदिर, श्री राज मंदिर, से होते हुए मुख्य बाजार झंडा चौक पर कुछ देर के लिए रूकेंगे जहां पर भगवान का भजन कीर्तन और श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को प्रसाद चढ़ाया जाएगा झंडा चौक से श्री ठाकुर जी जलविहार के लिए स्थानीय तालाब गणेश घाट के लिए प्रस्थान करेंगे.

## नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज ने लगाया नेत्र शिविर



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय श्री भगवानदास बलेचा स्वर्गीय श्रीमती कमला देवी बलेचा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र श्री दीपक कुमार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला मे 1 सितंबर दिन सोमवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया.

जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 117मरीजों की ओपीडी की गई इसमें से 43 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 40नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 34नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया. इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, सतपाल तनवानी, दयाशंकर जायसवाल, राधेश्याम साहू, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी , प्रवक्ता राजकुमार मलकानी , प्रकाश वाधवानी, राम गोपाल गुप्ता , रेलवे विभाग से हेमंत राय ,देवी प्रसाद भावसार नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा,सुरेश चंद्र जैन ,, लाल बहादुर ताम्रकार, प्रकाश माहेश्वरी, सुरेशताम्रकार , प्रदीप खटवानी, जगदीश भावसार दिलीप खिलवानी, खेमचंद महते किशोरउधानी, देवी लाल कुशवाह हितकारिणी धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे प्रेम नारायण प्सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### नेत्रों की समस्या से महिलाएं ज्यादा परेशान

नेत्र रोगियों में महिलाओं की अधिक संख्या आखिर क्या वजह है की महिलाओं के नेत्र रोग बढ़ते जा रहे एक समय महिलाओं की संख्या बहुत कम रहती थी.परंतु अब नेत्र रोग बढ़ गए हैं इससे महिलाएं चिंतित है उनका कहना है की गैस चूल्हे पर भोजन बन रहा है इसके बाद भी यह स्थिति पहले चूल्हे पर रोटियां बनती थी.इससे धुआं अधिक होता था परंतु नेत्र रोग की स्थिति नहीं बनती नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भी इसके पीछे क्या कारण है यह जानकारी नहीं दे पा रहे हैं जो चिंता का विषय है.

## श्री अखंड रामायण पाठ की हुई पूर्णाहुति

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश मंदिर गणेश की अथाँई पर आयोजित 11 दिवसीय सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन में रविवार को रात्रि में संगीतमय श्री अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति हुई. इस अवसर पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों की भजन मंडलियों ने संगीतमय रामचरित मानस का पाठ किया. श्री अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति पर श्रीराम दरबार की पूजन, आरती एवं हवन हुआ. कार्यक्रम के समापन पर प्रसादी वितरण हुआ. इस अवसर पर समिति सदस्य एवं धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे.



### 'एक देश, एक चुनाव' पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आज

श्री गणेश जन्मोत्सव समारोह में आज रात्रि में एक देश एक चुनाव विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन होगा. इसमें विद्यालयों के सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राऐं भाग लेंगे.

## श्रीकृष्ण गौशाला में लंपी रोग से बचाव हेतु टीकाकरण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले की सभी गौशालाओं के पशुओं की बेहतर देखभाल हो साथ ही समय चक्र अनुसार टीकाकरण कार्यक्रम अभियान के रूप में आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं. पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उपसंचालक डॉ के एन शुक्ला ने बताया कि गंजबासौदा विकास खंड के ग्राम कालापाठा में स्थित श्री कृष्ण गौशाला में पशुपालन विभाग द्वारा लंपी स्किन डिजीज से बचाव हेतु व्यापक टीकाकरण अभियान का क्रियान्वयन किया गया.इस अभियान के तहत सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी घटेरा ए.के. शर्मा द्वारा गौशाला में संरक्षित सभी गौवंश का नि:शुल्क टीकाकरण किया गया. श्री शर्मा ने बताया कि लंपी रोग पशुओं में तेजी से फैलने वाला वायरल संक्रमण है। समय पर टीकाकरण ही इससे बचाव का सबसे कारगर उपाय है. इस अभियान से गौवंश सुरक्षित रहेंगे और उनके स्वास्थ्य में सुधार होगा. गौशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने कहा पशुपालन विभाग द्वारा समय-समय पर दी जा रही सेवाएँ हमारे लिए अत्यंत लाभकारी हैं.हम विभाग के आभारी हैं कि उन्होंने गौवंश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी. साथ ही उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में ऐसे ही सहयोगात्मक अभियान जारी रहें, जिससे जिले की सभी गौशालाएँ लंपी जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रह सकें.

## नेशनल लोक अदालत में विद्युत विभाग के मामलों में मिलेगी विशेष छूट

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशन में आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला न्यायालय में बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेख सलीम ने की. इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संतोष शर्मा सहित जिले के न्यायाधीश एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे.बैठक में न्यायाधीश सलीम ने अधिवक्ताओं को बताया कि मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग द्वारा विशेष छूट की घोषणा की गई है.


प्री-लिटिगेशन स्तर पर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत छूट तथा ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट मिलेगी.लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत छूट तथा ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट मिलेगी.निर्धारित छूट के बाद शेष देय राशि का एकमुश्त भुगतान करना अनिवार्य होगा. यह सुविधा केवल उन मामलों में मिलेगी, जिनमें विद्युत चोरी अथवा अनाधिकृत उपयोग पहली बार किया गया हो.साथ ही, यह छूट केवल 10 लाख रुपये तक की आंकलित सिविल दायित्व राशि वाले प्रकरणों के लिए मान्य होगी.प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं से अपील की कि अधिक से अधिक मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराया जाए.

**मांग** **नगर में सर्किट हाउस की दरकार, उठी मांग**

# फिर जोर पकड़ने लगी सांची में सर्किट हाउस की मांग

नवभारत न्यूज

**सांची, विश्व धरोहर स्थल सांची में एक बार फिर सर्किट हाउस की मांग जोर पकड़ने लगी है.नगरवासियों का कहना है कि पूर्व में यहां सर्किट हाउस और रेस्ट हाउस दोनों मौजूद थे, जो स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए उपयोगी सिद्ध होते थे. परंतु पर्यटन विभाग को सौंपे जाने के बाद यह दोनों भवन अपने मूल स्वरूप में नहीं रहे.**



जानकारी के अनुसार, अंग्रेजी शासनकाल में रेस्ट हाउस में पुरातत्व विभाग के अधिकारी ठहरते थे और स्तूपों के पुनर्निर्माण की योजनाएं तैयार करते थे. वहीं सर्किट हाउस नवाबी दौर का माना जाता था, जहां देश-विदेश के अनेक विशिष्ट व्यक्तित्वों सहित देश के प्रथम प्रधानमंत्री तक ठहर चुके थे. बाद में रेस्ट हाउस को पुरातत्व विभाग ने अपने अधीन लेकर इसका संरक्षण किया और उसे मार्शल हाउस में बदल दिया, जो अब संग्रहालय परिसर में पर्यटकों को आकर्षित करता है. लेकिन सर्किट हाउस को पर्यटन विभाग ने अपने अधीन लेकर थीम पार्क का हिस्सा बना दिया, जिससे स्थानीय रोजगार और प्रशासनिक सुविधा दोनों प्रभावित हुए.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब भी कोई विशिष्ट अथवा अतिविशिष्ट मेहमान सांची आते हैं, तो जिले के अधिकारियों को भोपाल या मुख्यालय से व्यवस्था करनी पड़ती है. इससे शासन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है, जबकि पहले अधिकारी यहीं सर्किट हाउस में रुककर तैयारियां करते थे.साल 2021 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री और वर्तमान विधायक डॉ. प्रभूराम चौधरी के सामने कलेक्टर ने यहां कैफेटेरिया को सर्किट हाउस घोषित करने की घोषणा की थी.उस समय नगरवासियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से इसका स्वागत भी किया.लेकिन घोषणा आज तक अमल में नहीं आ सकी.अब नगर के जनप्रतिनिधि और समाजसेवी फिर से इस मांग को उठा रहे हैं.

### क्या कहते हैं लोग

पप्पू रेवाराम, अध्यक्ष, नगर परिषद सांची का कहना है कि यह स्थल विश्वविख्यात है, यहां सर्किट हाउस होना जरूरी है। प्रशासन तुरंत व्यवस्था करे. वहीं कमलकिशोर पटेल, समाजसेवी कहना है कि पूर्व में यहां दो रेस्ट हाउस थे, जिससे प्रशासन और स्थानीय लोगों को लाभ मिलता था.कलेक्टर की घोषणा अधूरी रह गई, अब जिला प्रशासन सर्किट हाउस उपलब्ध कराए. देवेंद्र तिवारी, व्यवसायी का कहना है कि सर्किट हाउस की मांग पुरानी है, घोषणा से उम्मीद जगी थी लेकिन पूरी नहीं हो सकी. संजीत पटेल, विधायक प्रतिनिधि का कहना है कि यहां सर्किट हाउस होने से अधिकारी रुककर जनसमस्याओं का निराकरण आसानी से कर पाएंगे.विधायक महोदय को अवगत कराकर इस मांग को पूरा कराने का प्रयास करेंगे.

# शोभायात्रा में शामिल जनता से कराया सड़क का लोकार्पण

**नवनिर्मित सीसी सड़क, स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सिरोंज में रविवार को राधाष्टमी पर नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण शोभायात्रा में शामिल जनता ने किया. इसके बाद शोभायात्रा के साथ जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं नागरिक इस मार्ग से निकले. इसके साथ ही पंचकुईया से लेकर काशी घाट तक डिवाइडर पर लगी स्ट्रीट लाइट का भी लोकार्पण किया गया.**



राधाष्टमी पर नेमा समाज द्वारा नगर में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से श्रीराधा कुंड तक शोभायात्रा निकाली जाती है. इस शोभायात्रा मार्ग में केथन नदी किनारे का कुछ हिस्सा बिना पक्की सड़क का होता था. जिससे श्रद्धालुओं के साथ लोगों को परेशानी होती थी. बारिश के मौसम में यह समस्या ओर बढ़ जाती थी. इस बार रानी वाले कुएं से कंजी वाले कुएं तक बनकर तैयार हुई इस सड़क का लोकार्पण करने के लिए नपा ने विशेष तैयारी की थी. इस सड़क पर आकर्षक रंगोली बनाकर सजावट की गई. शाम को जब गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा इस नवनिर्मित सड़क पर पहुंची. तो नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने पार्षदों के साथ भगवान का पूजन किया. इसके उपरांत विमान के साथ चल रहे पुजारी ने रिबिन काटकर इस सड़क को जनता को समर्पित किया. इसके बाद शोभायात्रा इस नवनिर्मित सड़क से होकर निकली. नपा ने विगत तीन दिन पहले शोभायात्रा के पूर्व इस सड़क का निर्माण कराया था. रानी वाले कुएं से कंजी वाले कुएं तक की करीब 5 लाख की लागत से सीसी सड़क का निर्माण किया गया. इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सचिन शर्मा, बलजीत यादव, जयनारायण सेन, अजमल, सीएमओ रामप्रकाश साहू, नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना सहित शोभायात्रा में शामिल समाज के नागरिक मौजूद रहे.

### 22 .5 लाख की स्ट्रीट लाइट की मिली सौगात

रविवार को सीसी सड़क के लोकार्पण के साथ ही नपा द्वारा तैयार कराई गई स्ट्रीट लाइट का भी लोकार्पण किया गया. करीब 22.5 लाख की लागत से पंचकुईया घाट से काशी घाट तक लगभग एक किमी सड़क के डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइट के पोल लग जाने से यह मार्ग अब दूधिया रोशनी से जगमग होने लगा है. जिससे लोग देर रात में भी इस सड़क पर बगैर किसी परेशानी के आवागमन कर सकेंगे. इस सड़क पर शहर के कई लोग सुबह शाम टहलने के लिए भी आते जाते हैं.